दिनांक : 26.05.2024 समय : 02.10पीएम

प्रादेशिक समाचार एकांष

आकाषवाणी, भोपाल

दोपहर समाचार

चुनाव प्रचार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उत्तर प्रदेश के वाराणसी लोकसभा क्षेत्र के सीर गोवर्धनपुर, रोहनिया में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद डॉ. यादव शाम को मालवीय रमन गांव के मथगरवां घाट में स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। श्री यादव कारभैरव मंदिर, काशी विश्वनाथ मंदिर और गोवर्धन धाम मंदिर घाट भी जाएंगे। इस बीच कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पंजाब के होशियारपुर में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने आज कांग्रेस उम्मीदवार यामिनी गोमर के समर्थन में होशियारपुर शहर के बूथ स्तरीय प्रभारियों के साथ बैठक की।

....

मतगणना तैयारियां

प्रदेश में चार जून को होने वाली मतगणना के लिए तैयारियां जारी है। रतलाम जिले की मतगणना रतलाम के कला एवं विज्ञान महाविद्यालय परिसर में होगी। कल जिला कलेक्टर और निर्वाचन अधिकारी राजेश बाथम ने आयोजित मतगणना कार्मिकों के प्रशिक्षण में संबोधित करते हुए कई निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना प्रक्रिया के विभिन्न बिंदुओं पर कार्मिकों को निर्देशित किया। कलेक्टर द्वारा ईवीएम मशीन के क्लोज बटन को पुश करने, मत पत्र लेखा के फार्म 17 सी भाग 2 के सत्यापन, एजेंट की उपस्थिति, गणना के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों आदि के बारे में महत्वपूर्ण समझाईश दी गई।

....

ओरछा महोत्सव

महाकवि केशव स्मृति समारोह– ओरछा महोत्सव का आयोजन 27 और 28 मई को ओरछा में किया जा रहा है। महाकवि केशव प्रांगण में संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन निवाड़ी के सहयोग से आयोजित इस समारोह में 27 मई की शाम व्याख्यान तथा रचनापाठ का आयोजन किया जायेगा। 28 मई को लोकगीतों का आयोजन होगा। यह समारोह काव्य जगत में अपनी पहचान बनाने वाले महाकवि केशव के सम्मान में हो रहा है जिनका जन्म 1555 में बुंदेलखंड राज्य के ओरछा में हुआ था। माना जाता है ओरछा के राज परिवारों में इनकी परिवार को काफी मान सम्मान दिया जाता था। उनकी कविताओं के तीन संकलन, रसिकप्रिया, रामचंद्रिका और कविप्रिया रामचंद्रिका में है। रामचंद्रिका में 30 खंडों में रामायण का संक्षिप्त अनुवाद है।

....

रेमल तूफान–अपडेट

मौसम विभाग ने कहा है कि उत्तरी बंगाल की खाड़ी के ऊपर तूफान रेमल पश्चिम बंगाल में सागर द्वीप से लगभग 270 किलोमीटर दक्षिण दक्षिण–पूर्व में गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल गया है। मौसम विभाग का कहना है कि 110 से 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाओं के साथ रेमल आज आधी रात तक बांग्लादेश और निकटवर्ती पश्चिम बंगाल तटों को पार करेगा। इस बीच कोलकाता हवाई अड्डा प्राधिकरण ने तूफान को देखते हुए आज दोपहर से 21 घंटे तक के लिए हवाई सेवाओं का संचालन स्थगित रखने का निर्णय किया है।

....

मौसम

आज नौतपा के दूसरे दिन भी प्रदेश के कई हिस्सों में तेज गर्मी का दौर जारी है। भोपाल में आज 42 डिग्रीस सेल्सियस तक तापमान पहुंच गया। वहीं इंदौर में अभी तक 41 डिग्री तापमान दर्ज किया गया है। प्रदेष में अधिकांश हिस्सों में लू चलने की स्थिति है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आज जबलपुर, छिंदवाड़ा, बालाघाट और सिवनी में कहीं–कहीं तेज हवाओं के साथ बारिष होने का अनुमान है। इसके अलावा प्रदेश के पष्चिमी हिस्से में अगले चौबीस से अड़तालिस घंटे के बीच तेज हवाएं चल सकती हैं। प्रदेश में मौसम के दो तरह के पैटर्न देखने को मिल सकते हैं। पश्चिमी हिस्सों जहां गर्मी

बढ़ सकती हैं, वहीं पूर्वी हिस्सों के अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है।

....

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट के 17वें सीजन का विजेता कौन होगा इसका फैसला आज फाइनल मुकाबले में होने जा रहा है। आज षाम सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स की बीच चेन्नई में ये फाइनल खेला जाएगा। मैच षाम 07.30 बजे से षुरू होगा। दोनों टीमें इससे पहले क्वालीफायर–वन में भिड़ी थी, जिसमें केकेआर ने जीत हासिल की थी। कोलकाता नाइट राइडर्स इस बार अंक तालिका में शीर्ष पर रही थी। दोनों टीमों ने इस सीज़न में छह बार 200 से अधिक का स्कोर बनाया है।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कल हैदराबाद के रंगारेड्डी जिले में स्थित कान्हागांव के हार्टफुलनेस ध्यान केन्द्र का दौरा किया। डॉ यादव ने दुनिया के सबसे बड़े ध्यान केन्द्र में चल रहे विकास कार्यो का भी जायजा लिया।
- पीएम पोषणषक्ति योजना के राज्य समन्वयक मनोज पुष्प ने बताया कि ग्रीष्मकालीन छुट्टीयों में मध्यान्हकालीन भोजन का वितरण नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में गलत रिपोर्टिगं करने वाले षिक्षकों को कारण बताओ नोटिस दिया गया है।
- डिंडोरी ज़िले के ग्राम चाड़ा में आज स्वास्थ्य षिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आमजन सहित शासकीय कर्मचारियों को भी स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी।
- खेलो युवा कल्याण विभाग द्वारा आगरमालवा जिला मुख्यालय सहित समस्त विकासखंड मुख्यालयों पर 20 मई से 20 जून तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रषिक्षण षिविर आयोजित किये जा रहे हैं। कल आगर में खिलाड़ियों को खेल सामग्री का वितरण किया गया।

....